# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0, बेरीनाग (पिथौरागढ़)

फोन नं0 – 05964–244117 फैक्स नं0 –05964–244622 ई–मेल–eepwdberinag@rediffmail.com

पत्रांक 1883 / 27सी दिनांक 05/11/2022

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
पिथौरागढ़।

विषय : जनपद पिथौरागढ़ के विकास खण्ड बेरीनाग में पाताल भुवनेश्वर चौड़मन्या मोटर मार्ग का निमार्ण कार्य लम्बाई 5.00 किमी0 में पड़ने वाली 3.375हे0 वन भूमि का लो०नि०वि० को हस्तांतरण। .(**प्रपोजल नं0** FP/UK/ROAD/48105 /2020)

सन्दर्भ: वन संरक्षक उत्तरी कुमाऊं वृत्त अल्मोड़ा का पत्रांक 2729/12–1 दिनॉक 12–01–2021(प्रति संलग्न)

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र (ई0डी0एस0)के अनुपालन में प्राप्त आपत्ति का निराकरण कर निम्नवत प्रेषित है।

| क्र.सं0 | वन संरक्षक द्वारा मॉगी गई सूचना | उत्तर |
|---|---|---|
| 1 | मोटर मार्ग की लम्बाई मात्र 5.00 कि0मी0 में 88 बांज के वृक्ष प्रभावित हो रहे हैं जो काफी अधिक हैं। इस सम्बन्ध में आपको निर्देशित किया जाता है कि मोटर मार्ग के निर्माण हेतु वैकल्पिक समरेखन में विचार करना सुनिश्चित करें। | विषयांकित मोटर मार्ग के वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव पूर्व में भारत सरकार को आंफलाईन प्रेषित किया गया था।तत्समय भारत सरकार के पत्रांक सं0 8बी/यू0सी0पी0/06/44/2010/एफ0सी0/652 दिनांक 2/2/2010 द्वारा समरेखन में 573 बांज वृक्ष प्रभावित होने के कारण प्रस्ताव मेरिट के आधार पर निरस्त कर दिया गया था।(प्रति संलग्न) वर्ष 2015 में वैकल्पिक समरेखन स्वीकृत करवाया गया, तत्पश्चात वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव तैयार कर पुनः वन विभाग को प्रेषित किये गये थे। इस समरेखन में न्यूनतम 88 बांज के वृक्ष प्रभावित हो रहे हैं। इस प्रस्ताव पर वन संरक्षक अल्मोड़ा के उपरोक्त सन्दर्भित पत्र द्वारा समरेखन में अधिक बांज वृक्ष आने के कारण वैकल्पिक समरेखन पर विचार करने हेतु निर्देशित किया गया था। उपरोक्त पत्र के अनुपालन में दिनांक 3–2–2021 को सम्बन्धित सहायक अभियन्ता को निर्देशित किया गया, उनके द्वारा अवगत कराया गया कि कई बार सर्वेक्षण कार्य करने के पश्चात भी कम बांज वृक्ष वाला समरेखन उपलब्ध नही हो पा रहा है।(प्रमाण पत्र संलग्न) जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों द्वारा बार–बार मोटर मार्ग निमार्ण हेतु अनुरोध किया जा रहा है।<br>कृपया उपरोक्त समरेखन पर ही अपनी संस्तुति प्रदान करने हेतु प्रस्ताव वन संरक्षक अल्माड़ा को अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित करने की कृपा करें। अन्य वैकल्पिक समरेखन उपलब्ध नही है। |

**संलग्न**– उपरोक्तानुसार

भवदीय

02/11/22

(इं0पी0सी0पन्त)
अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0 बेरीनाग

02/11/22

# प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि जनपद पिथौरागढ़ के विकास खण्ड बेरीनाग में पाताल भुवनेश्वर चौड़मन्या मोटर मार्ग का निमार्ण कार्य लम्बाई 5.00 किमी0 में अलग–अलग बिन्दु से सर्वेक्षण कार्य किया गया परन्तु कई बार सर्वेक्षण कार्य करने के पश्चात भी कम बांज वृक्ष वाला समरेखन उपलब्ध नही हो पा रहा है। मोटर मार्ग निमार्ण हेतु प्रस्तावित समरेखन के अतिरिक्त कोई अन्य वैकल्पिक समरेखन उपलब्ध नही है।

(इं0गणेश रौतेला)
अपर सहायक अभियन्ता
अस्थाई खण्ड,लो0नि0वि0 बेरीनाग

(इं0संजीव भट्ट)
सहायक अभियन्ता
अस्थाई खण्ड,लो0नि0वि0 बेरीनाग

(इं0पी0सी0पन्त)
अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड,लो0नि0वि0 बेरीनाग

CamScanner